रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

'मान. प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ एक दिवसीय टीकाकरण शिविर'

जबलपुर 17 सितम्बर। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर आज शासकीय जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया अस्पताल) एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय चिकित्सा (वैदेही स्वास्थ्य) केंद्र व राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई के माध्यम से विश्वविद्यालय के कस्तूरबा महिला छात्रावास में आयोजित 'एक दिवसीय टीकाकरण शिविर' का आयोजन किया गया।

इस शिविर के उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र, प्रभारी कुलसचिव डॉ दीपेश मिश्रा, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. संजय मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, प्रो. विवेक मिश्रा, विश्वविद्यालय चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय श्रीवास्तव, एनएसएस मुक्त इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवांशु गौतम, सहायक कुलसचिव सुश्री मिनाल गुप्ता उपस्थित रहे।

चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय में आयोजित इस एक दिवसीय टीकाकरण शिविर में हर आयु वर्ग के लगभग 160 लोगों को कोविशील्ड का टीकाकरण हुआ। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कोविड–19 वैक्सीन सेंटर में राष्ट्रीय सेवा मुक्त इकाई के स्वयंसेवकों ने अपनी सेवाएं दी जिसके अंतर्गत उन्होंने सभी का ऑनलाइन एवं ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया। साथ ही वैक्सीन लगने के बाद सर्टिफिकेट डाउनलोड कराने तक सभी प्रकार की सेवाएं दी। सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोजित टीकाकरण कार्य में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम, वि.वि. स्वास्थ्य केन्द्र से डॉ महेंद्र श्रीवास्तव, श्री किशन, श्री रजनीश त्रिपाठी, श्रीमती आशा बाई एवं , श्री ब्रिजेन्द्र यादव, श्री के.के. दलाल, श्री वाशिद खान सहित एन.एस.एस. स्वयंसेवकों का योगदान रहा।